RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : शनिवार 14 अक्टूबर 2023 | वर्ष 05 | अंक 171 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक

# रोकठोक लेखनी

खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

## हाईकोर्ट में उद्धव गुट के MLA की याचिका खारिज

# शिंदे सरकार पर लगाया था धन आवंटन में भेदभाव का आरोप

**बंबई उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को शिवसेना (यूबीटी) विधायक रवींद्र वायकर की ओर से दायर एक याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र सरकार पर आरोप लगाया गया था कि वह प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र में विकास और बुनियादी ढांचे के काम के लिए धन के आवंटन में भेदभावपूर्ण कर रही है।**



न्यायमूर्ति एस बी शुक्रे और न्यायमूर्ति राजेश पाटिल की खंडपीठ ने कहा कि विधायकों को उनके निर्वाचन क्षेत्रों के लिए धन का आवंटन राज्य की नीति है और भेदभाव या पारदर्शिता की कमी को साबित करने के लिए पर्याप्त सामग्री के अभाव में इसकी न्यायिक समीक्षा नहीं की जा सकती है। वायकर ने अपनी याचिका में आरोप लगाया था कि राज्य सरकार झुग्गी बस्तियों में बुनियादी ढांचे और बुनियादी नागरिक सुविधाओं के विकास के लिए विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों को सरकारी धन आवंटित करते समय भेदभावपूर्ण रवैया अपना रही है। उन्होंने कहा था कि महाराष्ट्र स्थानीय विकास निधि से महाराष्ट्र में सभी विधायकों को समान रूप से पैसा उपलब्ध कराया जाता है और 2022-23 में 11,420 लाख रुपये आवंटित किए गए थे।

विधायक ने दावा किया कि भाजपा विधायकों के प्रतिनिधित्व वाले निर्वाचन क्षेत्रों में स्थित झुग्गियों के लिए आवंटित धन उनके निर्वाचन क्षेत्र के लिए आवंटित राशि से बहुत अधिक है। पीठ ने अपने आदेश में कहा कि भाजपा के अलावा अन्य दलों के निर्वाचन क्षेत्रों में विभिन्न कार्यों को करने के लिए पर्याप्त धन आवंटित किया गया है। पीठ ने यह भी माना गया कि याचिकाकर्ता के निर्वाचन क्षेत्र को आवंटित धन कई अन्य निर्वाचन क्षेत्रों के समान 250 लाख रुपये था।

## ड्रग्स सिंडिकेट के खिलाफ NCB की बड़ी कार्रवाई!

# 135 करोड़ रुपये की की कोकीन और अल्प्राजोलम जब्त!



मुंबई : महाराष्ट्र के मुंबई एनसीबी ने एक ड्रग्स सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया है। एनसीबी ने 6 किलोग्राम से अधिक वजन वाली कोकीन और अल्प्राजोलम जब्त किया है। जिसकी कीमत 135 करोड़ रुपये की बताई जा रही हैं। कार्रवाई करते हुए जांच एजेंसी ने तीन विदेशी नागरिकों सहित नौ लोगों को गिरफ्तार किया है।

### 135 करोड़ रुपये के मादक पदार्थ जब्त

इन अभियानों के दौरान 6.9 किलोग्राम कोकीन और तनाव के इलाज में इस्तेमाल की जाने वाली लगभग 200 किलोग्राम प्रतिबंधित दवा 'अल्प्राजोलम जब्त की गई एनसीबी के उप महानिदेशक संजय कुमार सिंह ने कहा कि एजेंसी की एक टीम ने बोलीविया की दो महिलाओं को गिरफ्तार कर दक्षिण मुंबई के खेतवाड़ी इलाके के एक होटल से अंतर्वस्त्र, टूथपेस्ट, कपड़े, सौंदर्य प्रसाधन ट्यूब, साबुन, जूते और मेकअप किट में छिपाई गई पांच किलोग्राम कोकीन जब्त की। इसके बाद अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया गया एजेंसी ने कहा कि जब्त किए गए मादक पदार्थों का अनुमानित मूल्य लगभग 135 करोड़ रुपये है।

## ड्रग सिंडिकेट का भंडाफोड़

**इससे पहले राजस्व खुफिया निदेशालय मुंबई के अधिकारियों ने एक ड्रग सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया है। इस कार्रवाई डीआरआई ने 5.68 करोड़ रुपये मूल्य की कुल 568 ग्राम कोकीन जब्त की और तीन विदेशी नागरिक महिला यात्रियों को गिरफ्तार किया। समाचार के मुताबिक, राजस्व खुफिया निदेशालय ने बताया कि विदेशी महिला यात्री सैनिटरी पैड और मलाशय के अंदर छिपाकर ड्रग्स देश में ला रही थीं। उन्हें आगे की पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया गया है। अधिकारी ने कहा कि विशिष्ट खुफिया जानकारी के आधार पर डीआरआई की मुंबई इकाई ने पिछले तीन दिनों में एक अभियान चलाया।**

## मंत्री छगन भुजबल को व्हाट्सएप पर जान से मारने की धमकी मिली



**नासिक :** महाराष्ट्र के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री छगन भुजबल को उनके निजी नंबर से जुड़े व्हॉट्सएप पर अज्ञात फोन नंबर से जान से मारने की धमकी मिली है ।शुक्रवार शाम राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी से अलग हुए नेता को मैसेज मिले। उन्हें धमकी मिली,''आप बहुत दिनों तक जिंदा नहीं रहेंगे। जब तक हम आपको खत्म नहीं कर देंगे, तब तक चैन से नहीं बैठेंगे। बेहतर होगा कि आप सावधान रहें, हम आपको देख लेंगे ।ह्व बताया जाता है,''धमकी को गंभीरता से लेते हुए नासिक एनसीपी के युवा नेता अंबादास जे. खैरे ने अंबाड पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मंत्री को धमकी देने वाले व्यक्ति का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है।''

## डिजिटल डिस्प्ले पर दिखेगी टोल वसूली की रकम

# राज ठाकरे ने दिया एक महीने का अल्टीमेटम

**मुंबई :** महाराष्ट्र की आर्थिक राजधानी मुंबई में टोल वसूली को लेकर मनसे अध्यक्ष राज ठाकरे ने एक बार फिर आक्रामक भूमिका अपना ली है। उन्होंने गुरुवार को इस संबंध में सीएम एकनाथ शिंदे को एक ज्ञापन देते हुए सवाल उठाया था कि आखिर टोल वसूली का पैसा कहां जा रहा है। इसके बाद शुक्रवार को कैबिनेट मंत्री दादा भुसे ने राज के निवास पर जाकर उनसे मुलाकात की। इसके बाद एक प्रेस कांफ्रेंस कर भूसे और राज ने राज्य सरकार के फैसलों की जानकारी दी।

**डिस्प्ले बोर्ड के साथ लगेगा मनसे का कैमरा**

भुसे ने कहा कि महाराष्ट्र सरकार प्रमुख टोल नाकों पर पर टोल संग्रह का एक डिजिटल डिस्प्ले बोर्ड लगाएगी। जिसके माध्यम से टोल टैक्स के कलेक्शन की सही जानकारी मिल पाएगी। साथ ही मुंबई के पांच एंट्री पॉइंट्स पर सरकार कैमरे लगाएगी। ताकि वाहनों की संख्या और कलेक्शन पर नजर रखी जा सके। खास बात यह है कि मनसे ने भी अपनी तरह से इन एंट्री पॉइंट्स पर कैमरा लगाने का फैसला किया।



**सरकार से मिले आश्वासन के बाद राज ने दिया एक महीने का समय**

इन टोल नाकों की निगरानी के लिए मंत्रालय में एक नियंत्रण कक्ष स्थापित किया जाएगा। राज ठाकरे ने कहा कि उन्होंने 9 साल पहले भी टोल टैक्स के मुद्दे को उठाया था। तब तत्कालीन सीएम पृथ्वीराज चव्हाण ने कहा कि टोल कनेक्शन के लिए समझौता 2026 तक हो चुका है। मनसे अध्यक्ष ने कहा कि हाल ही में डिप्टी सीएम देवेन्द्र फडणवीस ने बयान दिया कि छोटे और निजी वाहनों से टोल नहीं वसूले जाते हैं। राज ने कहा कि तब मुझे लगा कि क्या राज्य सरकार को इस बात की जानकारी नहीं है कि छोटे और निजी वाहनों से भी टोल वसूले जा रहे हैं। उन्होंने टैक्स देने के लिए मजबूर करने पर टोल नाकों को जलाने की धमकी दी थी। हालांकि अब राज्य सरकार से मिले आश्वासन के बाद राज ने एक महीने का समय दे दिया है।



## संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

### रुख में नरमी काफी नहीं

कनाडा के साथ रिश्तों में आई दरार के बीच भारत दोनों तरफ राजनयिकों की मौजूदगी में समानता सुनिश्चित करने को लेकर अपने रुख पर अड़ा है। दोनों के बीच तकरार का यह मुद्दा इस लिहाज से दिलचस्प कहा जा सकता है कि भारत इस पर खुलकर सार्वजनिक रूप से अपना पक्ष रख रहा है जबकि कनाडाई पीएम जस्टिन ट्रूडो कह रहे हैं कि वह कूटनीतिक चैनलों के जरिए ही संवाद करना चाहेंगे क्योंकि कूटनीति अपने प्राइवेट रूप में ज्यादा प्रभावी होती है। उनकी इस बात से कोई असहमति नहीं हो सकती, लेकिन यह बात हैरान जरूर करती है कि इस सचाई का अहसास उन्हें इतनी देर से हुआ। वरना अपने देश में हुई एक हत्या का इल्जाम खुले रूप में भारत के मत्थे मढ़कर वह दोनों देशों के रिश्तों को यूं खतरे में नहीं डालते। वह भी तब, जबकि इस इल्जाम को सही साबित करने वाले सबूत भी हाथ में न हों। हो सकता है उन्हें ऐसा लगा हो कि अगर वह ऐसा करेंगे तो उससे ज्यादा दबाव बनेगा और फिर भारत को झुकाना संभव हो जाएगा। मगर पिछले करीब एक पखवाड़े के अनुभव ने साबित कर दिया कि यह उनकी गलतफहमी थी। इस दौरान वह न तो अपने दावे के पक्ष में कोई ठोस सबूत दे सके और न ही अन्य देशों को भारत के खिलाफ अपनी तरफ गोलबंद कर सके। उनके रुख में बदलाव के पीछे इस ठोस हकीकत की भूमिका हो सकती है।

लेकिन इसके आगे की सचाई यह है कि भारत लगातार कनाडा पर खालिस्तानी तत्वों को खुली छूट देने का जो आरोप लगाता रहा है, उसमें कोई बदलाव नहीं आया है। न तो खालिस्तानी तत्वों ने कनाडा में अपनी सक्रियता घटाई है और न ही कनाडा सरकार उन पर किसी तरह की सख्ती करती नजर आ रही है। भारतीय राजनयिकों के खिलाफ जो पोस्टर हटा लिए गए थे, वे फिर से गुरुद्वारों में लगा दिए गए हैं। इस बीच ये खबरें भी फैलाई जा रही हैं कि कनाडाई इंटेलिजेंस एजेंसी ने ब्रिटिश कोलंबिया के सिखों को सतर्क रहने को कहा है क्योंकि कथित भारतीय एजेंट कुछ खालिस्तानियों को मारने के प्रयास में हैं। इस संबंध में महत्वपूर्ण बात यह है कि कनाडा सरकार की तरफ से इन खबरों का खंडन भी नहीं किया जा रहा। यही नहीं, खालिस्तान समर्थक ग्रुप्स वेंकुवर में इंडियन कॉन्सुलेट के सामने अगले 21 अक्टूबर को 'किल इंडिया' कार रैली करने की तैयारी कर रहे हैं जिसका मकसद 28 अक्टूबर को होने वाले कथित जनमतसंग्रह के लिए फंड जुटाना बताया जा रहा है। जाहिर है, कनाडा के पीएम ट्रूडो को समझना होगा कि दोनों देशों के रिश्ते इस तरह के माहौल में नहीं फल-फूल सकते। कूटनीति की कामयाबी के लिए प्राइवेसी के साथ ही आपसी विश्वास और पारस्परिक हितों के प्रति सम्मान का भाव होना भी जरूरी है।

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# भिवंडी में हर तरफ लगा है कचरे का अंबार, बीमारी फैलने का खतरा

## नियमित कचरा नहीं उठने पर मनपा में कचरा फेको आंदोलन की चेतावनी

## ठेकेदार को ब्लैक लिस्टेड कर नए ठेकेदार की नियुक्ति की पूर्व पार्षद की मांग

**मुस्तकीम खान**

**भिवंडी :** भिवंडी शहर में पिछले कुछ महीनों से सफाई ठेकेदार द्वारा नियमित कचरा न उठाए जाने से पूरे शहर में कचर ही कचरा दिख रहा है ।जिसके कारण उठाने वाले दुर्गंध के कारण शहर में महामारी का खतरा बढ़ गया है ।जिसके मद्देनजर ठेकेदार पर न सिर्फ कार्रवाई की मांग की जा रही है ।बल्कि ठेकेदार बदलने की मांग उठने लगी है ।बावजूद मनपा प्रशासन इस मामले को लेकर उदासीन बनी बैठी है।




भिवंडी मनपा के प्रभाग समिति सभापति प्रशांत लाड ने मनपा आयुक्त को दिए ज्ञापन में बताया है कि प्रभाग क्रमांक नौ क्षेत्र में पिछले कुछ माह से कचरा नियमित नही उठ रहा है ।जिसके कारण गली मोहल्ले से लेकर मुख्य मार्ग तक कचरे का अंबार लगा हुआ है ।उन्होंने बताया कि अहबाब हॉटेल के मोठा न्हावीपाडा,रावजीनगर नाला शाला नं. 73 के पास, रेहमान सरदार कंपाऊंड नाला,कल्याणरोड पर मुरलीधर मंदिर ,खान कंपाउंड रोड के शंभू कंपाऊंड, रावजीनगर मिशकात मस्जिद, गैबीनगर रोड लहान न्हावीपाडा, बाबाला कंपाऊंड,अशोकनगर पोस्ट ऑफिस,कचेरीपाडा में तेलुगूशाळा , साईनगर,अशोकनगर में टॉवर नं 15 जैसे क्षेत्रों में नियमित कचरा न उठाए जाने से कचरे का अंबार लगा हुआ है ।उन्होंने ज्ञापन में आयुक्त से इन क्षेत्रों में नियमित रूप से रोजाना कचरा उठाने की मांग की है ।साथ ही उन्होंने आयुक्त को चेतावनी दी है कि यदि तत्काल प्रभाव से शहर में ठीक ढंग से कचरा नहीं उठाया गया तो मनपा मुख्यालय पर कचरा फेकों आंदोलन किया जाएगा ।जिसका जिम्मेदार मनपा प्रशासन होगी ।इतना ही नही उन्होंने मनपा द्वारा नियुक्त किए गए आर.एन.इंफ्रा प्रोजेक्ट प्रा.लि.नामक कंपनी का ठेका रद्द कर उसकी जगह नया ठेकेदार नियुक्त किए जाने की मांग की है ।इससे पहले वरिष्ठ नगरसेवक अरुण राउत ने ठेकेदार पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाकर उसका ठेका रद्द कर उसे ब्लैक लिस्टेड करने की मांग कर चुके है।

इधर मनपा में नवनियुक्त स्वास्थ्य अधिकारी हेमंत गुलवी ने बताया कि शहर में बेहतर ढंग से कचरा उठाने का निर्देश ठेकेदार को दिया गया है ।उन्होंने बताया कि शहर में फिलहाल सफाई का काम व्यवस्थित ढंग से शुरू हो गया है ।जल्द ही पूरा शहर साफ सुथरा दिखने लगेगा।

# मुंबई के चेंबूर में मिड-डे मील से 16 स्कूली बच्चों को फूड पोइजनिंग



**मुंबई :** मुंबई के चेंबूर इलाके से एक दिल दहला देने वाली खबर सामने आई है। जी हां सामने आई जानकारी के मुताबिक, चेंबूर के आणिक गांव के एक नगर निगम स्कूल में मिड डे मिल के कारण स्कूली बच्चों को फूड पॉजनिंग होने का चौंकाने वाला मामला सामने आया है। स्कूल में दी गई दाल और खिचड़ी से 16 छात्रों को तकलीफ होने पर उन्हें शताब्दी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

इसके बारे में विस्तृत जानकारी ये है कि चेंबूर के आणिक गांव के एक नगर निगम स्कूल में मिड-डे मील में स्कूली बच्चों को जहर देने का चौंकाने वाला मामला सामने आया है। भोजन में बच्चों को दाल व खिचड़ी दी गयी। जिसके बाद छात्रों को उल्टी, जी मिचलाना शुरू हो गया। परेशानी शुरू होने के बाद सभी छात्रों को शताब्दी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल इनका इलाज चल रहा है और डॉक्टर ने बताया है कि इन सभी की हालत स्थिर है।

डॉक्टरों के मुताबिक कुल 180 बच्चों को यह मिड-डे मील दिया गया। इनमें छठी और सातवीं कक्षा के 16 बच्चों को परेशानी होने लगी। जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने जानकारी दी है कि इन सभी बच्चों का फिलहाल इलाज चल रहा है और इनकी हालत स्थिर बताते हुए एक्स-रे भी लिया गया है। स्कूल में बच्चों के मिड-डे मील से फूड पॉजनिंग की कई घटनाए अब तक सामने आ चुकी है, गनीमत ये रही कि इस घटना में जीवहनी नहीं हुई।

# मुंबई में फिलिस्तीन जिंदाबाद-इजरायल मुदार्बाद के लगे नारे,

## मौलाना ने अपने बयान में कही ये बात



**मुंबई :** इजरायल और फिलिस्तीन का मामला फिलहाल गरमाया हुआ है। इस बीच मुंबई में जुमे की नमाज के बाद कई स्थानों पर मुसलमानों द्वारा फिलिस्तीन का समर्थन किया गया। इस बाबत किसी ने विवादित बयान देते हुए प्रधानमंत्री को लपेटा तो किसी ने फिलिस्तीन के समर्थन में पोस्टर्स लेकर नारे लगाए। मुंबई के बिलाल मस्जिद में जुमे की नमाज के बाद मस्जिद के इमाम हजरत मोइन मिया के नेतृत्व में जुलूस निकाला गया। इस दौरान लोगों ने हाथ में पोस्टर ले रखा था। इस पोस्टर में लिखा था, 'फिलिस्तीन का समर्थन करने के लिए आपका मुसलमान होना जरूरी नहीं है, सिर्फ इंसान बनना है।' बता दें कि इस दौरान फिलिस्तीन जिंदाबाद और इजरायल मुदार्बाद के नारे भी लगाए गए। इस बाबत बोलते हुए मस्जिद के इमाम ने कहा कि फिलिस्तीन में अमन दाखिल हो, मजलूम फिलिस्तीनियों को मदद फरमा, शहीद फिलिस्तीनियों को जन्नत मिले। इजरायल की जाहिलियत को खत्म कर, मस्जिद ए अक्सा जिंदाबाद, फिलिस्तीन मुस्लिम जिंदाबाद। मोइन मिया ने अपने बयान में कहा, 'भारत हमेशा से फिलिस्तीन का साथी रहा है। मजलूम फिलिस्तीन को देश का समर्थन है। अपने फैसले पर भारत एक बार फिर सोचे। फिलिस्तीन के स्कूल और अस्पतालों पर बम गिराए गए हैं। इजरायल ने जुल्म और बर्बरता की पहाड़ फिलिस्तीन पर गिराया है। भारत सरकार से हम गुजारिश करते हैं को वो फिलिस्तीन को मदद पहुंचाए।'

**'भारत सरकार बदले विदेश नीति'**

मोइन मिया ने इस दौरान भारत को अपनी विदेश नीति को बदलने तक की सलाह दे डाली। वहीं रजा एकेडमी के मोइद्दीन अब्बास रिजवी ने कहा कि फिलिस्तीन मजलूम है और उनके छोटे बच्चों को मारा जा रहा है। उनकी बिजली काट दी गई है।



# महाराष्ट्र सरकार प्रमुख टोल-पोस्टों पर सड़क टोल संग्रह का डिजिटल प्रदर्शन जल्द ही...

**मुंबई:** पारदर्शिता के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण प्रयास में, महाराष्ट्र सरकार प्रमुख टोल-पोस्टों पर सड़क टोल संग्रह का एक डिजिटल डिस्प्ले बोर्ड लागू करेगी और टोल टैक्स संग्रह प्रक्रिया के कारण होने वाली देरी और व्यवधानों पर नजर रखने के लिए सीसीटीवी लगाएगी। शुक्रवार को। अन्य लोगों के अलावा, इस निर्णय की घोषणा आज सुबह पीडब्ल्यूडी मंत्री दादाजी डी. भुसे और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के अध्यक्ष राज ठाकरे ने की। 9 साल पुराने सड़क टोल टैक्स विरोधी आंदोलन को पुनर्जीवित करने वाले राज ठाकरे ने 12 अक्टूबर को मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से उनके आधिकारिक आवास पर मुलाकात की और इस मुद्दे पर अपनी मांगों पर






एक ज्ञापन सौंपा, जबकि मंत्री भुसे ने मनसे नेता के घर का दौरा किया। शुक्रवार को चर्चा करने और समाधान निकालने के लिए।

राज ठाकरे ने कहा, ''दो सप्ताह के भीतर, पांच मुंबई प्रवेश बिंदुओं (एमईपी) पर सभी टोल बूथों पर सीसीटीवी लगाए जाएंगे और उनकी निगरानी के लिए मंत्रालय में एक नियंत्रण कक्ष स्थापित किया जाएगा।''उन्होंने कहा, डिजिटल डिस्प्ले यह बताएगा कि ठेकेदार ने टेंडर के अनुसार कितना टोल एकत्र किया है और कितना शेष बचा है ताकि लोगों को संबंधित टूल-बूथ की सही वित्तीय जानकारी मिल सके। सरकार यह भी सुनिश्चित करेगी कि टोल-पोस्टों पर किसी भी वाहन को चार मिनट से अधिक रुकने की आवश्यकता न हो और 'पीली लाइन' (ट्रैफिक जाम का संकेत) के बाहर के वाहनों को सड़क टोल टैक्स का भुगतान किए बिना गुजरने की अनुमति दी जाएगी, एमएनएस कुछ टोल बूथों के पास सार्वजनिक सुविधाओं का निर्माण करेगा, और चल रही गतिविधियों पर नजर रखेगा। मनसे ने पीडब्ल्यूडी विभाग से संबंधित 29 और महाराष्ट्र राज्य सड़क विकास निगम (एमएसआरडीसी) के 15 पुराने टोल-बूथों को बंद करने की भी मांग की है, जिस पर भुसे ने कहा कि सरकार इस पर विचार करेगी और जल्द ही निर्णय लेगी। राज ठाकरे द्वारा छोटे/हल्के वाहनों को सड़क पर टोल टैक्स देने के लिए मजबूर करने पर 'टोल-पोस्ट जलाने' की चेतावनी के बाद मनसे ने मुंबई, ठाणे, रायगढ़, नासिक और अन्य स्थानों पर विभिन्न टोल-बूथों पर बड़े विरोध प्रदर्शन किए थे। सरकार।

# पीएम मोदी 14 अक्टूबर मुंबई में 141वें आईओसी सत्र का करेंगे उद्घाटन...

**मुंबई :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल यानी 14 अक्टूबर को मुंबई के जियो वर्ल्ड सेंटर में 141वें अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) सत्र का उद्घाटन करेंगे। भारत दूसरी बार और लगभग 40 वर्षों के अंतराल के बाद आईओसी सत्र की मेजबानी कर रहा है। आईओसी का 86वां सत्र अब से पहले 1983 में नई दिल्ली में आयोजित किया गया था। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि सत्र में आईओसी के अध्यक्ष थॉमस बाख और आईओसी के अन्य सदस्यों के साथ-साथ प्रमुख भारतीय खेल हस्तियां और भारतीय ओलंपिक संघ सहित विभिन्न खेल महासंघों के प्रतिनिधि भी भाग लेंगे। आईओसी सत्र अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के सदस्यों की एक महत्वपूर्ण बैठक के रूप में



कार्य करता है। ओलंपिक खेलों के भविष्य के संबंध में महत्वपूर्ण निर्णय आईओसी सत्र में लिए जाते हैं। भारत में आयोजित होने वाला 141वां आईओसी सत्र वैश्विक सहयोग को बढ़ावा देने, खेल उत्कृष्टता का जश्न मनाने और दोस्ती, सम्मान और उत्कृष्टता के ओलंपिक आदर्शों को आगे बढ़ाने के लिए देश के समर्पण का प्रतीक है। यह खेल से संबंधित विभिन्न हितधारकों के बीच बातचीत और ज्ञान साझा करने का अवसर प्रदान करता है।

# शिंदे और विधायकों के खिलाफ अयोग्यता याचिका...

## सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र स्पीकर की आलोचना की



**मुंबई:** सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उनके समर्थक विधायकों के खिलाफ अयोग्यता याचिकाओं के निपटारे में देरी के लिए महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर की आलोचना की। अदालत ने कहा कि यदि अध्यक्ष कार्यवाही में तेजी लाने वाला संशोधित कार्यक्रम प्रस्तुत करने में विफल रहे तो समय सीमा तय की जाएगी। अगले साल की शुरूआत में होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले स्पीकर की अयोग्यता याचिकाओं पर फैसला करने के लिए अदालत अगले सोमवार को मामले की सुनवाई करेगी। पीठ ने कहा कि अगर स्पीकर का कार्यक्रम संतोषजनक नहीं रहा तो उसे दो महीने के भीतर निर्णय लेने का निर्देश दिया जायेगा.

18 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष को शिंदे और अन्य विधायकों के खिलाफ अयोग्यता याचिकाओं पर निर्णय लेने की समय सीमा स्पष्ट करने का निर्देश दिया था। शिवसेना में फूट के बाद स्पीकर के पास कई याचिकाएं हैं जिनमें उद्धव ठाकरे और एकनाथ शिंदे विधायकों को एक-दूसरे से अयोग्य ठहराने की मांग की गई है। इन अर्जियों पर फैसले में हो रही देरी से सुप्रीम कोर्ट नाराज हो गया. मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. कहा कि संविधान की 10वीं अनुसूची के तहत कार्यवाही को अनिश्चित काल तक नहीं बढ़ाया जा सकता है और अदालत के आदेश का सम्मान किया जाना चाहिए। चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने पहले स्पीकर को चेतावनी दी थी.

# दिवाली और दशहरा के लिए सेंट्रल रेलवे स्पेशल ट्रेन का आरक्षण शुरू...

दशहरा, दिवाली, छठ पूजा त्योहारों के कारण यात्रियों की भीड़ को देखते हुए मध्य रेलवे ने नागपुर से मुंबई और पुणे मार्ग पर विशेष ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया है। इन ट्रेनों का विवरण इस प्रकार है....




02139 मुंबई (CSMT)-नागपुर सुपरफास्ट द्विसाप्ताहिक विशेष ट्रेन 19 अक्टूबर से 20 नवंबर तक चलेगी. यह ट्रेन उपरोक्त अवधि के दौरान प्रत्येक सोमवार और गुरुवार को 00.20 बजे मुंबई से रवाना होगी और उसी दिन 15.30 बजे नागपुर पहुंचेगी। 02140 नागपुर-मुंबई ट्रेन 21 अक्टूबर से 21 नवंबर तक प्रत्येक मंगलवार और शनिवार को 13.30 बजे नागपुर से रवाना होगी और अगले दिन 4.10 बजे मुंबई पहुंचेगी. यह ट्रेन दादर, ठाणे, कल्याण, नासिक रोड, मनमाड, भुसावल, मलकापुर, शेगांव, अकोला, मुर्तिजापुर, बडनेरा, धामनगांव और वर्धा में रुकती है। इस ट्रेन में 16 एसी 3 कोच होंगे. अच्छी खबर, लातूर सहित पुणे से मराठवाड़ा के लिए शुरू की जाएगी स्पेशल ट्रेन, सेंट्रल रेलवे का बड़ा फैसला 02144 नागपुर-पुणे सुपरफास्ट ट्रेन 19 अक्टूबर से 16 नवंबर तक प्रत्येक गुरुवार को नागपुर से प्रस्थान करेगी और अगले दिन सुबह 11.25 बजे पुणे पहुंचेगी। 02143 पुणे-नागपुर- ये ट्रेन 20 अक्टूबर से 17 नवंबर तक हर शुक्रवार को पुणे से 16.10 बजे रवाना होगी और अगले दिन सुबह 6.30 बजे नागपुर पहुंचेगी. इस ट्रेन का स्टॉपेज वर्धा, धामनगांव, बडनेरा, अकोला, शेगांव, मलकापुर, भुसावल, मनमाड, कोपरगांव, बेलापुर, अहमदनगर, दौंड और उरली में है। इस ट्रेन में 16 एसी 3 कोच होंगे. भारत-पाकिस्तान विश्व कप मैच के लिए विशेष ट्रेन! मुंबई-अहमदाबाद के बीच चलेगी सुपरफास्ट ट्रेन , इन ट्रेनों का आरक्षण 14 अक्टूबर 2023 से सभी कम्प्यूटरीकृत आरक्षण केंद्रों के माध्यम से भी www.irctc.co.if इस वेबसाइट पर शुरू करने की जानकारी मध्य रेलवे ने दी है.

# मेट्रो 6 के लिए कांजूर में प्रस्तावित मरम्मत डिपो के लिए भूमि सर्वेक्षण का काम अब एक सलाहकार ठेकेदार को सौंपा जाएगा।

**मुंबई:** मेट्रो 6 के लिए कांजूर में प्रस्तावित मरम्मत डिपो के लिए भूमि सर्वेक्षण का काम अब एक सलाहकार ठेकेदार को सौंपा जाएगा। जबकि नमक आयुक्त ने सर्वेक्षण पर आपत्ति जताई है, एमएमआरडीए ने फैसला किया है कि डिपो के लिए सलाहकार को काम करना चाहिए। मेट्रो 6, एक एलिवेटेड मेट्रो, जोगेश्वरी में स्वामी समथरगढ़ और विक्रोली के बीच निर्माणाधीन है। इस रूट के लिए ट्रेनों का मरम्मत डिपो कांजुर में 15 हेक्टेयर भूमि पर प्रस्तावित है। यह इलाका नमक के मैदानों से घिरा हुआ है और इसीलिए केंद्र सरकार के नमक आयुक्त ने उस जमीन पर अपना दावा किया है. ऐसे में राज्य सरकार ने अप्रैल में यह




जमीन मुंबई महानगर क्षेत्रीय विकास प्राधिकरण (एमएमआरडीए) को मरम्मत डिपो के लिए आवंटित कर दी। इसके बाद 'एमएमआरडीए' ने इस जमीन के सर्वे की तैयारी शुरू कर दी थी. लेकिन उसी समय, नमक आयुक्तालय के तहत भांडुप में नमक अधीक्षक कार्यालय ने भूमि पर दावा करते हुए सर्वेक्षण रोक दिया था। इस पृष्ठभूमि में एमएमआरडीए अब सलाहकारों के माध्यम से यह सर्वेक्षण कराने की तैयारी कर रहा है। विश्वस्त सूत्रों के मुताबिक, 'एमएमआरडीए ने इस डिपो के निर्माण के लिए सलाहकार की नियुक्ति के लिए पहले ही टेंडर जारी कर दिया है. इस टेंडर की आखिरी तारीख 16 अक्टूबर है. तदनुसार, प्राप्त निविदाओं के आधार पर सलाहकार का चयन किया जाएगा। उस सलाहकार को अब सर्वेक्षण के लिए नमक आयुक्तालय के साथ समन्वय करना होगा। यह निर्णय लिया गया है कि अन्य कार्यों के साथ-साथ यह कार्य भी उस सलाहकार द्वारा किया जाना चाहिए।'

दैनिक
रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक
मुंबई : शनिवार 14 अक्टूबर 2023






# ठाणे में 2 लोगों ने किया किशोरियों का पीछा, मामला दर्ज




**ठाणे :** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में पुलिस ने दो किशोरियों का पीछा करने के आरोप में दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि कथित घटना 10 अक्टूबर को कल्याण में एक हाउसिंग सोसाइटी के क्लब हाउस में जन्मदिन की पार्टी के दौरान हुई थी। उन्होंने बताया कि दोनों आरोपियों की पहचान सूफियां खान और विक्की केसरी के रूप में हुई है। उन्हें पार्टी में खाना परोसने के लिए एक कैटरर ने नियुक्त किया था। अधिकारी ने बताया कि 14 वर्षीय दो लड़कियां रात 0करीब साढ़े आठ बजे क्लब हाउस में कैरम खेलने गईं, लेकिन वहां उन्हें जगह नहीं मिली। उन्होंने बताया कि जब दोनों लौट रही थीं तब एक आरोपी ने उन्हें एक चिट दी और उस पर लिखे नंबर पर कॉल करने को कहा।

# मुंबई में पुलिसकर्मियों की संविदा भर्ती पर महाराष्ट्र सरकार पर भड़की एनसीपी, एनसीपी के अध्यक्ष शरद पवार ने जताया विरोध

**महाराष्ट्र :** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के अध्यक्ष शरद पवार ने मुंबई में कुछ पुलिसिंग कर्तव्यों के लिए राज्य संचालित सुरक्षा निगम से कर्मियों को नियुक्त करने के महाराष्ट्र सरकार के फैसले का गुरुवार को विरोध किया. शिवसेना-भाजपा सरकार ने महाराष्ट्र राज्य सुरक्षा निगम से 3,000 कर्मियों को नियुक्त करने का आदेश जारी किया है. वे मुंबई पुलिस के अधीन काम करेंगे. पूर्व मुख्यमंत्री पवार ने कहा, इस तरह की संविदा नियुक्ति से अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षण की अनुमति नहीं मिलेगी और महिला उम्मीदवार भी वंचित हो सकती हैं.

शरद पवार ने जताया विरोध

हम इसका कड़ा विरोध करते हैं. एक बार जब आप किसी को कॉन्ट्रैक्ट पर नौकरी पर रखते हैं तो



उसकी नौकरी एक निश्चित अवधि के लिए होती है, चाहे वह एक साल, डेढ़ साल या दो साल हो. एक बार जब वह अवधि समाप्त हो जाती है, तो व्यक्ति को छोड़ना होगा. उन्होंने कहा, यह मान लेना कि अनुबंध पर पुलिस विभाग में नियुक्त व्यक्ति लगन से काम करेगा, नासमझी होगी.

इंडिया गठबंधन पर एक सवाल के जवाब में, पवार ने कहा कि जिन नीतिगत निर्णयों पर गठबंधन के सदस्य सहमत हैं, उन्हें उन राज्यों में लागू किया जा सकता है जहां वे सत्ता में हैं. हमारे पास (केंद्र में) सत्ता नहीं है, हम कुछ राज्यों में सत्ता में हैं. उन्होंने कहा, हम कुछ राज्यों में (नीतिगत फैसले लेना) शुरू कर सकते हैं.

महाराष्ट्र सरकार ने अपने स्वयं के सुरक्षा निगम से 3,000 कर्मियों को नियुक्त करने का आदेश जारी किया है जो मुंबई पुलिस के अधीन काम करेंगे. सरकारी उपक्रम महाराष्ट्र राज्य सुरक्षा निगम (एमएसएससी) से लिए गए ये कर्मी अनुबंध के तहत काम करेंगे और मुंबई पुलिस की सहायता करेंगे. एक विशिष्ट अवधि के लिए चुनिंदा कर्तव्यों में. राज्य के गृह विभाग द्वारा बुधवार को प्रकाशित एक सरकारी संकल्प (आदेश) में कहा गया है कि प्रशासन ने इन 3,000 कर्मियों की सेवाओं का लाभ उठाने के लिए निगम को 30 करोड़ रुपये के हस्तांतरण को मंजूरी दे दी है.

# इजराइल-फिलिस्तीन विवाद को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार अलर्ट मोड पर





इजराइल-फिलिस्तीन विवाद को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार अलर्ट मोड में आ गई है. अंतरराष्ट्रीय मुद्दा होने के बावजूद उत्तर प्रदेश सरकार इस संबंध में बयानबाजी करने वालों पर नजर रख रही है. प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस संबंध में सख्त निर्देश जारी किए हैं कि जो लोग इजरायल-फिलिस्तीन विवाद में भारत के रुख का विरोध करते हैं या इसके खिलाफ बयान देते हैं, उनके खिलाफ तत्काल सख्त कार्रवाई की जाए।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि इजराइल-फिलिस्तीन विवाद को लेकर पुलिस अधिकारी भी पूरी तरह अलर्ट रहें. जिलों में धार्मिक नेताओं के साथ तुरंत संवाद करें। इस मामले में भारत सरकार के रुख के विपरीत कोई भी गतिविधि स्वीकार नहीं की जाएगी.

योगी ने कहा कि किसी भी इंटरनेट मीडिया या धार्मिक स्थल से किसी भी प्रकार का कोई भी उन्मादी बयान वायरल नहीं होना चाहिए और यदि किसी भी स्तर पर ऐसा कुत्सित प्रयास किया जाता है तो तत्काल सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

# भांडुप डंपिंग ग्राउंड के पास ऑटो-डम्पर दुर्घटना में महिला की मौत, एफआईआर दर्ज

**मुंबई:** बुधवार शाम अपने परिवार के साथ खरीदारी करने गई 50 वर्षीय महिला की भांडुप डंपिंग ग्राउंड के पास एक डंपर से टकरा जाने के बाद मौत हो गई। दुर्घटना में पीड़िता ताहिरा शेख को गंभीर चोटें आई थीं। उसके परिवार के दो अन्य सदस्य, जो ऑटो में सवार थे, को चोटें आईं, लेकिन वे सुरक्षित बताए जा रहे हैं। दुर्घटना में घायल हुए तीनों लोगों को राजावाड़ी अस्पताल ले जाया गया और बाद में सायन अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया। इलाज के दौरान शेख की मौत हो गई, जिसके





बाद विक्रोली पुलिस में अज्ञात ड्राइवर के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई। शेख ओल्ड बैरक, मुलुंड (पूर्व) का रहने वाला था।

**डंपर ने अचानक ब्रेक लगा दिए**

दुर्घटना के समय ऑटो में सवार ताहिरा शेख के बेटे फिरदौस ने विक्रोली पुलिस को बताया कि जब वे भांडुप डंपिंग ग्राउंड के पास पहुंचे, तो ऑटोरिक्शा से आगे चल रहे एक डंपर ने बिना किसी संकेत के अचानक ब्रेक मार दिया, जिससे ऑटोरिक्शा टकरा गया। डंपर के साथ. विक्रोली पुलिस ने मोटर वाहन अधिनियम की संबंधित धाराओं के साथ-साथ भारतीय दंड संहिता की धारा 279 (तेज और लापरवाही से गाड़ी चलाना) और 304 ए (लापरवाही से मौत का कारण बनना) के तहत चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस चालक की तलाश कर रही है।

# पनवेल तालुका के भिंगारी गांव के पास एक सर्विस रोड के किनारे झाड़ी में महिला का शव, मामला दर्ज

**नवी मुंबई:** पनवेल तालुका के भिंगारी गांव के पास एक सर्विस रोड के किनारे एक झाड़ी में 19 वर्षीय महिला का आंशिक रूप से विघटित शव पाए जाने के बाद पनवेल सिटी पुलिस ने एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया। महिला पर चोट के कई निशान थे और उसका चेहरा सूजा हुआ था. मृतक की पहचान रायगढ़ जिले के पेण के जोगेश्वरी



कडेसपाड़ा गांव की निवासी जयश्री बेबीया पवार के रूप में की गई।

**पुलिस को हत्या की आशंका है**

पुलिस को शव के बारे में मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे जानकारी मिली. पनवेल तालुका पुलिस स्टेशन के एक अधिकारी ने कहा, ''चेहरा सूजा हुआ था और उसके मुंह के पास कीड़े थे।'' उन्होंने कहा कि शव को पनवेल तालुका के भिंगारी गांव के पास पलासपे और शिव शंभो के बीच सर्विस रोड पर फेंक दिया गया था।

प्रारंभिक जांच में पता चला कि उसकी हत्या कर शव को यहां फेंका गया है। पुलिस को संदेह है कि यह घटना उसके शव मिलने से लगभग दो दिन पहले हुई होगी।

**पीड़िता का पोस्टमार्टम विवरण**

मृतक के हाथ पर जयश्री लिखा था और इससे पुलिस को शव की पहचान करने में मदद मिली. उन्होंने हरे रंग की चूड़ियां भी पहनी हुई थीं. ''हम इलाके के सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रहे हैं। चूंकि वह पेन की निवासी थी, इसलिए हम जांच कर रहे हैं कि क्या वहां किसी लापता व्यक्ति की शिकायत दर्ज की गई थी, ह्रअधिकारी ने कहा। इस बीच, पनवेल तालुका पुलिस में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ आईपीसी की धारा 302 के तहत हत्या का मामला दर्ज किया गया है।



# ठाणे जिले में 40 लाख रुपये की बिजली चोरी... 20 लोगों पर मामला दर्ज

**ठाणे :** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में करीब 40 लाख रुपये की बिजली चोरी करने के आरोप में पुलिस ने 20 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि कथित बिजली चोरी का पता महाराष्ट्र राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड (एमएसईडीसीएल) के अधिकारियों ने मई में खोनी गांव में छापेमारी के दौरान लगाया था।

उन्होंने बताया कि एमएसईडीसीएल के अधिकारियों ने छापेमारी के दौरान पाया कि लगभग 20 निवासी नियमित मीटर के बजाय, तारों की मदद से अवैध रूप से बिजली ले रहे थे। पुलिस अधिकारी ने बताया कि आकलन के बाद अधिकारियों ने निष्कर्ष निकाला कि आरोपियों ने करीब 40 लाख रुपये मूल्य की लगभग 1.46 लाख यूनिट बिजली की खपत की थी। कल्याण के महात्मा फुले चौक पुलिस थाने के प्रभारी ने बताया कि एमएसईडीसीएल की शिकायत पर बृहस्पतिवार को बिजली अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया।

मालिक , मुद्रक,प्रकाशक ,संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस , गाला नं 3 – 4 ,अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट ,सोनावला क्रॉस रोड नं 12 ,गोरगांव ( पूर्व ),मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाट्सप्प नं 7977 40 8589 : Email - editor@rokthoklekhaninews.com